सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## अष्टम् सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-1

सोमवार, तिथि 27 फाल्गुन, 1934 (श०) / 18 मार्च, 2013 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 76

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) गृह विभाग | .. | .. | 41 |
| (2) निर्वाचन विभाग | .. | .. | 01 |
| (3) वित्त विभाग | .. | .. | 02 |
| (4) सामान्य प्रशासन विभाग | .. | .. | 06 |
| (5) सांस्थिक वित्त विभाग | .. | .. | 11 |
| (6) मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग | .. | .. | 01 |
| (7) गन्ना उद्योग विभाग | .. | .. | 02 |
| (8) उद्योग विभाग | .. | .. | 08 |
| (9) कारा विभाग | .. | .. | 01 |
| (10) वाणिज्य-कर विभाग | .. | .. | 01 |
| (11) सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग | .. | .. | 02 |
| | कुल योग | .. | 76 |

निर्गत करना

'क'–*1261. श्री तार किशोर प्रसाद—क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में किसान जाति अनुसूचित जन–जाति के अन्तर्गत चिह्नित है ;

(2) क्य यह बात सही है कि कटिहार जिला में किसान जाति के लोगों को अनुसूचित जन–जाति अन्तर्गत जाति प्रमाण–पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 'किसान' जाति के लोगों को अनुसूचित जन–जाति के रूप में जाति प्रमाण–पत्र निर्गत करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

वकालतखाना का निर्माण

'ख'–*1735. श्री जय कुमार सिंह—क्या मंत्री, वाणिज्य–कर विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना नगर के अंटाघाट स्थित वाणिज्य–कर प्रमंडल कार्यालय में अधिवक्ताओं के बैठने या लिखने के लिए वकालतखाना नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वकालतखाना निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निदेशित करना

*2702. श्री रामप्रवेश राय—क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेल्ट्रॉन द्वारा बिहार सरकार को आपूर्ति किये गये डाटा इंट्री ऑपरेटरों का ई0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0 जमा करने हेतु छः माह पूर्व तक एक प्राईवेट संस्था इंडस को तथा अब इलेक्ट्रोनिक नेट को अनुबंधित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मात्र ई0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0 जमा करने हेतु प्रतिवर्ष बेल्ट्रॉन को एक करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान उक्त प्राईवेट संस्था को करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेल्ट्रॉन को स्वयं इस काम को करने के लिये निदेशित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2703. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला स्थित सदन प्रखंड में सीताकुण्ड मुख्य पथ पर हाजी सुभान कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण कब्रिस्तान की सुरक्षा नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी जनहित में कबतक कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

हथियार देना

*2704. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता एवं उनके परिवार पर आसन्न खतरे को देखते हुए वर्ष 2007 से तीन अंगरक्षक उपलब्ध कराये गये थे, जिसमें दो ईसासधारी एवं एक कारबाईनधारी अंगरक्षक थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता एवं उनके परिवार पर आज भी खतरा बना हुआ है इसके बावजूद जिला सुरक्षा समिति, भोजपुर के जिलाधिकारी, भोजपुर एवं आरक्षी अधीक्षक, भोजपुर के संयुक्तादेश संख्या 2217, दिनांक 22 जून, 2011 द्वारा प्रश्नकर्त्ता के साथ प्रतिनियुक्त अंगरक्षकों से ईसास वापस लेकर कारवाईन दे दिया गया है, यदि हाँ, तो प्रश्नकर्ता एवं परिवार पर आसन्न खतरे को देखते हुए पुनः अंगरक्षकों को अत्याधुनिक हथियार देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट–'क'–दिनांक 5 मार्च, 2013 को सदन द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग को स्थानांतरित।

'ख'–दिनांक 8 मार्च, 2013 को सदन द्वारा वाणिज्य–कर विभाग को स्थानांतरित।

राशि का भुगतान

*2705. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मोतिहारी चीनी उद्योग वर्ष 2013 से चालू हो गया, जो लगभग 3 लाख क्विंटल गन्ना पेराई कर चीनी उत्पादित किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मोतिहारी चीनी उद्योग पर पुराना किसानों के बकाया 12 करोड़, नये किसानों का 3 करोड़ एवं मजदूरों के बकाया 10 करोड़ है, यदि हाँ, तो किसान–मजदूरों के बकाया राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मजार की घेराबन्दी

*2706. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहिया प्रखंड के कुंवरदह, सेमरदह, कौड़ीया, कटेयां, मिश्रौली, पिपरा जगदीश, कल्याणपुर, चकबंध, महुआंव, शिवपुर, करखियां, बेलौना, रामपुर, बाँधा, साड़उर, कुण्डेश्वर, रूद्रनगर, नगर पंचायत बिहिया के मखदुम बाबा, मजार सहित शाहपुर प्रखंड के बेनवलिया, झौंवा, डुमरिया, टिकठी, बरिसवन, बहोरनपुर, भीमपट्टी, उमरावगंज, करजा, सहजौली, भरौली, सरना, सुहीयां, ग्राम में अल्पसंख्यकों का मजार है, जो घेराबंदी नहीं होने से अतिक्रमण का शिकार हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों में अवस्थित मजार की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बैठक करना

'ग'–*2707. श्री वीरेन्द्र सिंह—क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रत्येक जिला एवं प्रखंड स्तर पर गठित 20–सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक हर तीन महीने पर कराये जाने का प्रावधान है परन्तु गया जिला में यह बैठक पिछले 6 माह से नहीं हुई है, यदि हाँ, तो गया जिला समेत सभी जिलों में हर तीन माह पर 20–सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक कराने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

'घ'–*2708. श्रीमती ज्योति देवी—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड मोहनपुर के ग्राम–पं0 मटिहानी के ग्राम रेड़ीवार में कब्रिस्तान की कुल भूमि 4.81 एकड़ है जिसका चहारदीवारी नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रेड़ीवार के ही किसान कब्रिस्तान की भूमि का अतिक्रमण कर खलिहान के रूप में उपयोग करते हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि अतिक्रमण की वजह से मइयत को दफन करने में काफी कठिनाई हो जाती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट–'ग'–मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को स्थानांतरित।

'घ'–गृह (विशेष) विभाग को स्थानांतरित।

उर्दू लिपि मे करना

* 2709. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार—क्या मंत्री, निर्वाचन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा मतदाता सूची का प्रकाशन हिन्दी लिपि में किया जाता है, जिससे उर्दू भाषी लोगों को पढ़ने में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्य में मतदाता सूची का प्रकाशन उर्दू लिपि में कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबंदी

* 2710. श्री रामचन्द्र सहनी—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के प्रखंड रामगढ़वा में पसौना मदन स्थित कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

* 2711. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड के किसनपुर पंचायत के गारद टोला स्थित कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उसकी घेराबन्दी करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

* 2712. श्री रामचन्द्र सहनी—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखंड सुगौली में बगही ग्राम स्थित कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

केन्द्र का निर्माण

* 2713. श्रीमती रंजू गीता—क्या मंत्री, सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड स्थित सूचना प्रावैधिकी का उच्च क्षमता का केन्द्र का निर्माण करने का निर्णय विगत पाँच वर्ष पूर्व सरकार द्वारा लेने के बावजूद आजतक लम्बित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

पुनर्जीवित करना

* 2714. डॉ0 अच्युतानन्द—दैनिक समाचार–पत्र के दिनांक 20 फरवरी, 2013 के अंक में छपी खबर के आलोक में क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में राज्य में कुल 1.92 लाख औद्योगिक इकाइयां निबंधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त निबंधित इकाइयों में से मात्र एक लाख ही कार्यशील है शेष इकाइयां रुग्न हो गयी हैं ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रुग्न पड़ी औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित करने हेतु कौन–सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

* 2715. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, सांख्यिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के सिधवलिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम–जलालपुर, थाना–सिधवलिया के श्री अमर सिंह, पिता–सुदामा सिंह को वर्मिंग कम्पोस्ट के अनुदान के रूप में चेक नं0–14061, दिनांक 10 अक्टूबर, 2011 बैंक ऑफ बड़ौदा, आशियाना मोड़, पटना से भुनाने हेतु डाकघर, सिधवलिया द्वारा दिनांक 05 दिसम्बर, 2011 क्रमांक–1355 से रजिस्टर डाक से भेजा गया था, लेकिन अबतक बैंक ऑफ बड़ौदा को चेक प्राप्त नहीं हो सका ;

(2) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो अनुदान की राशि गबन करने वाले दोषी पदाधिकारी पर सरकार क्या कार्रवाई करना चाहती है ?

---

वृद्धि करना

* 2716. श्री विनय बिहारी—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प्रदेश के सभी थानों में वर्ष 1950 में संविधान निर्माण के समय तत्कालीन आबादी के अनुपात में थानों में पुलिस पदाधिकारियों तथा बलों का पद स्वीकृत किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 62 वर्ष बीत जाने के बाद भी राज्य के सभी थानों में उस समय के स्वीकृत पद के अनुसार पदस्थापन कर पदाधिकारियों एवं बलों से सुरक्षा का कार्य लिया जा रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में वर्तमान आबादी के अनुपात में थानों के स्वीकृत पदों की संख्या में वृद्धि करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

* 2717. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बरौली प्रखंड के ग्राम खजुरिया में कब्रिस्तान घेराबन्दी की प्रशासनिक स्वीकृति 16 मु0, दिनांक 20 फरवरी, 2011 को दी गई थी, जिसकी प्राक्कलित राशि 430400.00 रु0 थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के सिधवलिया प्रखंड अंतर्गत महम्मदपुर काशीटेंगराही, टेकनावास की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 26 नवम्बर, 2011 को तथा हरपुर टेंगराही, कटेया की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 05 दिसम्बर, 2011 को तथा बैकुण्ठपुर प्रखंड के कब्रिस्तान की घेराबन्दी की प्रशासनिक स्वीकृति दिनांक 03 दिसम्बर, 2011 को दी गई थी ;

(3) क्या यह बात सही है कि अबतक एक भी कब्रिस्तान का कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक कब्रिस्तानों की घेराबन्दी का कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है ?

मुक्त कराना

*2718. श्री जवाहर प्रसाद-- क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम नगर के मुहल्ला भारतीगंज के अनुप कुमार का अपहरण दिनांक 03 फरवरी, 2003 को सुमो टाटा गोल्ड न्यू गाड़ी के साथ हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुप कुमार के परिवार वाले ने काफी खोज किया लेकिन अनुप कुमार के पता नहीं लगने के उपरान्त दिनांक 12 फरवरी, 2013 को परिवार वाले ने सासाराम नगर थाना में केस दर्ज कराया जिसका केस नं० 144/13 है;

(3) क्या यह बात सही है कि 22-23 दिन बीतने के बाद भी अभीतक अनुप कुमार का पता नहीं चल पाया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुप कुमार को अपहरणकर्ता से मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

बैंक खोलना

*2719. श्री प्रदीप कुमार-- क्या मंत्री, सांस्थिक (वित्त) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत काशीचक प्रखंड मुख्यालय में व्यावसायिक बैंक की कोई शाखा नहीं है जिससे वहाँ के आम नागरिकों को रुपये लेन-देन के लिये 15 कि०मी० दूर वारिसलीगंज जाना-आना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार काशीचक में व्यावसायिक बैंक की शाखा स्थापित करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

इन्स्टीच्यूट खोलना

*2720. श्री वीरेन्द्र सिंह-- क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुम्बई पेंटागोन शिपिंग एण्ड लोजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर सरकार राज्य में रेरिन इन्स्टीच्यूट खोलने का निर्णय बिहार सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2012-13 में लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार रेरिन इन्स्टीच्यूट खोलने का विचार रखती है ?

------------

जमा राशि दिलाना

*2721. डॉ० इजहार अहमद-- क्या मंत्री, सांस्थिक (वित्त) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत कीरतपुर प्रखंड के जमालपुर ग्राम में उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक की शाखा से बैंक द्वारा पिछले 4 वर्ष पूर्व बैंक से लेजर रजिस्टर गायब हो गया, जिसमें हजारों खाताधारी की लाखों का लेखा-जोखा था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त लेजर रजिस्टर के गायब होने से खाताधारियों का पैसा का निकासी नहीं हो रहा है, न ही उसकी जमा राशि लौटाई जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में रजिस्टर गायब होने के लिए बैंक पदा० पर कौन-सी कार्रवाई करने और खाताधारियों का जमा राशि दिलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

व्यवस्था करना

*2722. डॉ० इजहार अहमद-- स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 30 अक्टूबर, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''एक माह से नहीं बन रहा ड्राफ्ट, राशि का निकासी भी मुश्किल'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, सांस्थिक (वित्त) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमंडल मुख्यालय में बैंकिंग व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है, बैंक में पिछले एक माह से ड्राफ्ट नहीं बन रहा है तथा समुचित ढंग से राशि की निकासी भी नहीं हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि वहाँ के ए०टी०एम० के माध्यम से रुपये की निकासी नहीं होने से आम नागरिक को परेशानी हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों, आम नागरिकों एवं व्यवसायियों की परेशानियों के आलोक में सुधार की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चावल मिल लगाना

''च'' *2723. श्री अरूण शंकर प्रसाद-- क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में कुल 5000 (पाँच हजार) चावल मील है जिसमें छत्तीस (36)नये मील गत वर्ष खुले हैं, ये चावल मील अधिकांशतः पुराना शाहाबाद जिले वर्तमान रोहतास, बक्सर, कैमूर, भोजपुर के अतिरिक्त पूर्णियां, अररिया, पूर्वी चम्पारण एवं पश्चिमी चम्पारण जिले में केन्द्रित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उत्तर बिहार का महत्वपूर्ण प्रमंडल दरभंगा के मधुबनी, दरभंगा समस्तीपुर जिला में एवं बिहार के कई अन्य जिलों में एक भी चावल मील कार्यरत नहीं है, जिससे वहाँ के उत्पादक किसानों में निराशा की स्थिति है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक दरभंगा प्रमंडल के उक्त जिलों सहित शेष जिलों में चावल मील लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

घुसपैठ रोकना

*2724. श्री पवन कुमार जायसवाल-- क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भारत नेपाल बोर्डर पर खुली सीमा तथा बंगलादेश के रास्ते घुसपैठ की घटना पाँच वर्षों से (घटना) घट रही है, जिससे पूर्वी चम्पारण, प० चम्पारण एवं अन्य जिले प्रभावित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि सीमा पार से घुसपैठ के कारण उत्तर बिहार के पूर्वी चम्पारण, प० चम्पारण एवं सीतामढ़ी एवं अन्य जिले आतंकियों के निशाने पर हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार घुसपैठ रोकने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

------------

थाना से जोड़ना

*2725. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा- क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत मँझियावाँ पंचायत, कनौसी पंचायत, डबुर पंचायत कोच थाना के अधीन है जो गाँव से 30 किलोमीटर दूर अवस्थित है जबकि गुरारू थाना 1/2 किलोमीटर, 3 किलोमीटर, $3\frac{1}{2}$ किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है, यदि हाँ, तो उक्त पंचायतों को नजदीक के थाना से नहीं जोड़ने का क्या औचित्य है ?

------------

जाँच कराना

*2726. श्री प्रेम रंजन पटेल-- हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 फरवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक '' न्याय नहीं मिला तो सपरिवार करेंगे आत्महत्या'' के आलोक में क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड के टोरलपुर पंचायत की पूर्व सदस्या माला देवी ने मुख्य मंत्री, पुलिस उप-महानिरीक्षक सहित संबंधित अधिकारियों को आवेदन देकर अपने पति मुकेश कुमार के विरुद्ध पंचायत के मुखिया द्वारा दर्ज कराये गये तीन फर्जी मामलों को समाप्त करने की माँग करते हुए कहा है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो वह सपरिवार आत्महत्या कर लेगी;

(2) क्या यह बात सही है कि आवेदिका की शिकायत के अनुसार उनके पति द्वारा आर०टी०आई० के तहत पंचायत से संबंधित माँगी गयी सूचना के कारण ही मुखिया के द्वारा उसके पति के खिलाफ फर्जी मामले दर्ज कराये गये हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आवेदिका के आवेदन की उच्चस्तरीय जाँच कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नोट-- ''च''-- उद्योग विभाग को स्थानान्तरित।

अतिथि गृह का निर्माण

*2727. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमण्डल मुख्यालय में तथा बहेड़ी प्रखण्ड मुख्यालय में अतिथि गृह नहीं रहने से जन-प्रतिनिधियों एवं बाहर से आने वाले पदाधिकारियों को ठहरने में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त दोनों जगह अतिथि गृह का निर्माण कबतक कराना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

अग्निशामक गाड़ी की व्यवस्था

*2728. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के वीरपुर अनुमण्डल में एक भी स्थाई अग्निशामक गाड़ी की व्यवस्था नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि वीरपुर अनुमण्डल में स्थाई अग्निशामक गाड़ी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण आगजनी की घटना होने पर काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वीरपुर अनुमंण्डल में स्थाई अग्निशामक गाड़ी की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापन करना

*2729. श्री नरेन्द्र कुमार नीरज--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवगछिया पुलिस जिलान्तर्गत पुलिस अवर निरीक्षक के स्वीकृत 75 पद के विरुद्ध 35, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक के स्वीकृत 50 पद के विरुद्ध 47, हवलदार के स्वीकृत 90 पद के विरुद्ध 36 एवं सिपाही के स्वीकृत 459 पद के विरुद्ध 334 ही कार्यरत हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि नवगछिया पुलिस जिलान्तर्गत पुलिस बल की भारी कमी के फलस्वरूप आये दिन हत्या, बलात्कार आदि की काफी घटनाएं घटित होती रहती हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवगछिया पुलिस जिला बल में स्वीकृत पदों के विरुद्ध पदस्थापन का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

आदेश का अनुपालन

*2730. श्री राजेश्वर राज--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 31 अक्तूबर, 2012 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''जनवरी तक पूरी हो सिपाही नियुक्ति प्रक्रिया'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिपाही नियुक्ति से संबंधित विज्ञापन संख्या 01/2004 की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु मा० पटना उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा माह अक्तूबर, 2012 में दिये गये आदेश के अनुपालन के बावजूद बक्सर जिला बल की 7 रिक्तियों को अबतक नहीं भरा गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त आदेश का अनुपालन कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पद मुक्त कराना

*2731. श्री रणविजय कुमार--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखण्ड के तेयाप पंचायत में बी०आर०जी०एफ० एवं मनरेगा के तहत 32,00,000 (बत्तीस लाख) रुपया घोटाले सितम्बर, 2011 में ही किया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि आरक्षी उपाधीक्षक एवं अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा जाँचोपरान्त प्रथम दृष्टया आरोप सही पाया एवं मुखिया, मुखियापती एवं रोजगार सेवक पर एफ०आई०आर० दर्ज किया गया जिसका काण्ड सं० 37/11 है तथा मुखिया को पद मुक्त करने हेतु अनुमण्डल पदाधिकारी ने अनुशंसा की है;

(3) क्या यह बात सही है कि अभीतक एक भी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हुई है और न ही मुखिया को पद मुक्त किया गया;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ मुखिया को पद मुक्त करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

केन्द्र प्रारम्भ करना

*2732. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम नगर परिषद् कार्यालय में आर०टी०पी०एस० के अन्तर्गत आवेदन-पत्र प्राप्त करने हेतु केन्द्र नहीं रहने के कारण शहरी क्षेत्र के नागरिकों को सदर अंचल कार्यालय में आर०टी०पी०एस० अन्तर्गत आवेदन-पत्र देना पड़ता है, जिससे भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सासाराम नगर परिषद् में शहर के लोगों के लिए आर०टी०पी०एस० केन्द्र प्रारम्भ करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्थानान्तरित करना

*2733. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला अन्तर्गत कजरा थाना क्षेत्र के सिंधौल, तेतरिया, लक्ष्मीनियां की दूरी थाना से 30 कि०मी० है;

(2) क्या यह बात सही है कि बीच में पहाड़ होने तथा अधिक दूरी होने से अपराधिक घटनाओं पर थाना के द्वारा नियंत्रण नहीं हो पा रहा है;

(3) क्या यह बात सही है कि चानन थाना की दूरी उक्त ग्रामों से मात्र 7 कि०मी० है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भौगोलिक दृष्टिकोण से अपराध पर नियंत्रण हेतु सिंधौल, तेतरिया, लक्ष्मीनियां ग्राम को कजरा थाना से चानन थाना में स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, अगर हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

मूर्ति बरामद करना

*2734. श्री कृष्ण कुमार ऋषि-स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 फरवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक " राम जानकी ठाकुरबाड़ी से तीन मूर्तियों की चोरी" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी से अष्ठधातु की तीन मूर्तियाँ चोरी को लेकर ठाकुरबाड़ी के संरक्षक श्री अशोक कुमार भगत को लिखित सूचना पर बनमनखी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार चोरी हुई मूर्तियों को बरामद करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

राहत देना

*2735. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है सारण जिला के दिघवारा प्रखण्ड अंचल का पंचायत अकिलपुर जिसमें अकिलपुर, वाकरपुर, सलहली, बभनगांवा, रामदासचक, दुधिया एवं वतरौली ग्राम जिसकी आबादी 12 हजार है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त अकिलपुर पंचायत के अकिलपुर में थाना है जो पटना जिला बल से संचालित है;

(3) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त पंचायत के बेरोजगार नवयुवकों को चरित्र प्रमाण-पत्र बनवाने हेतु पटना जिला एवं सारण जिला का चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेरोजगार नौजवानों को इन कठिनाइयों से बचने हेतु अकिलपुर थाना में ही एक चौकी जो सारण जिला बल से संचालित हो, खोल के नौजवानों को राहत देने का विचार रखती है अथवा नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण करना

*2736. श्री रामदेव महतो—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला सकरी थाना को मॉडल थाना भवन का छत ढालने के बाद विगत पाँच वर्षों से अर्द्धनिर्मित अवस्था मे पड़ा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सकरी थाना का भवन जर्जर अवस्था में है, जहां काम करने में पुलिस बल को कठिनाइयो का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त थाना भवन का कार्य कबतक पूर्ण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2737. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखंड अंतर्गत कठहाँ पंचायत के गुलरीया एवं पीपरा कोठी प्रखंड के सूर्यपुर के कब्रिस्तान का निर्माण वर्ष–2011 में स्वीकृति प्राप्त कर गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य एन०आर०ई०पी० विभाग द्वारा बिना शिलान्यास कराये मानक के विपरीत अधूरा निर्माण कार्य कराया गया है, यदि हां, तो सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पावरलूम चालू करना

*2738. श्री सदानन्द सिंह—क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत 1989 के दंगे के कारण सिल्क उद्योग, जो गरीब अल्पसंख्यक परिवारों की रोजी–रोटी थी , पावरलूम के माध्यम से कपड़े बनाकर चलती थी, बिजली बिल भुगतान नहीं करने के कारण मृतप्राय स्थिति में आ चुकी है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन बुनकारों को पुनर्जीवित करने हेतु बकाये बिजली बिल माफ करते हुए पावरलूम को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पेंशन का लाभ

*2739. डॉ० फैयाज अहमद—क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वित्त विभाग के संकल्प संख्या वि० (27) पे०को० (विधि) 48 / 2011–1155, दिनांक 8 अगस्त, 2012 द्वारा सेवानिवृत्त राज्यकर्मियों के उनके पुनरीक्षित पेंशन की राशि में संशोधित करने का निर्णय लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्णय के आलोक में अभीतक सेवानिवृत्त कर्मियों को पुनरीक्षित पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सेवानिवृत्त कर्मियों को उक्त संकल्प के आलोक में पुनरीक्षित पेंशन का लाभ देने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

गाडी उपलब्ध कराना

*2740. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर एवं बारून प्रखंड मे अग्निशामक गाड़ी नही होने से आगलगी की घटनाओं में बचाओ कार्य नही हो पाता है, यदि उपर्युक्त का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों मे स्थाई अग्निशामक गाडी उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

---

बन्दियों को रखना

*2741. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मंडल कारा नवादा में कारा परिसर के उत्तरी भाग में कैदियों को रखने के लिये दो मंजिला भवन का निर्माण बिगत तीन वर्षों से बनकर तैयार है, परन्तु उक्त भवन में आजतक कैदियों को नहीं रखा जा रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार मंडल कारा, नवादा के नवनिर्मित दो मंजिला भवन में बन्दियों को कबतक रखने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ए०सी०पी० का लाभ

*2742. श्री.राम लषण राम 'रमण'—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार के दफादारों एवं चौकीदारों को दिनांक 1 जनवरी, 1990 से सरकारीकरण के बाद 10 वर्षों पर दिया जाने वाला ए०सी०पी० लाभ मधुबनी जिला के दफादारों एवं चौकीदारों को अबतक नहीं मिला है, यदि हां, तो सरकार कबतक मधुबनी जिला के दफादारों एवं चौकीदारों को ए०सी०पी० का लाभ देना चाहती है ?

---

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*2743. श्री नौशाद आलम—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंड के अंतर्गत साबोडोंगी, डोंगी बाडी, भोगडाबर मुख्याटोला, घस्सीकुरहा खानका, झाडबाडी अमीन टोला आदि के कब्रिस्तानों की घेराबंदी नहीं की गई है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*2744. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखंड के ग्राम महुंआव, बडेम में कब्रिस्तान का घेराबंदी नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने का विचार रखती है ?

आवास का निर्माण

*2745. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत हथुआ विधान-सभा के अन्तर्गत उचका गांव थाना में थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस कर्मियों के लिए आवास का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण इन्हें काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त थाना के पुलिस कर्मियों के लिए आवास निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बैंक खोलना

*2746. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, संस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत करपी प्रखंड के शहर तेलपा बाजार में एक भी सरकारी बैंक नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाजार बैंक में बैंकिंग नहीं रहने के कारण व्यवसायियों और ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार करपी प्रखंड के शहर तेलपा बाजार में बैंकिंग सुविधा हेतु बैंक खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बैंक खोलना

*2747. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, संस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावां विधान-सभा क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा निर्णय वित्तीय वर्ष 2011-12 में लिया गया था कि 5 हजार की आबादी वाले गांवों में व्यवसायिक बैंक की शाखा खोली जायेगी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्णय के आलोक में अस्थावां विधान-सभा क्षेत्र के बिन्द प्रखंड के उतरयु, सरमेरा प्रखंड के चेरों , कतरी सराय प्रखंड के कटौना, अस्थावां प्रखंड के नौआवा उगामा आदि आंवों में आजतक व्यवसायिक बैंक की शाखा नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्णय के आलोक में उक्त स्थानों पर व्यवसायिक बैंक खोलने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

--------

साधन*सम्पन्न बनाना

*2748. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय नक्सलवाद प्रभावित जिला है जिसमें मात्र एक महिला थाना की स्थापना वर्ष 2010 में की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसराय महिला थाना के पास न तो अपना भवन है और नहीं सही ढंग की गाड़ी है कि क्षेत्र में जाया जा सके जिससे उक्त थाना में पदस्थापित पदाधिकारियों और कर्मियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महिला थाना को साधन सम्पन्न बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बैंक खोलना

*2749. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, संस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड अन्तर्गत बलिया पंचायत के झुनझुनिया गांव में अभीतक बैंक शाखा नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस गांव के 7 कि०मी० की परिधि में कोई भी बैंक शाखा नहीं खुला है;

(3) यदि उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांव में बैंक शाखा खोलवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

राईस मिल खोलना

*2750. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर अनुमंडल में राईस मिल नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अनुमंडल में जगदीशपुर बिहियां प्रखंड धान बाहुल्य क्षेत्र है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल के जगदीशपुर में राईस मिल खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थानान्तरित करना

*2751. श्रीमती पूर्णिमा यादव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नारदीगंज प्रखंड के ग्राम बस्ती बिगहा एवं ग्राम ओड़ो, दोनों ग्राम, नारदीगंज प्रखंड अन्तर्गत आता है परन्तु दोनों ग्रामों का थाना हिसुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों को नारदीगंज थाना में स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

लाभ देना

*2752. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखंड के झौंवा पंचायत के ग्रामीणों द्वारा कुटीर उद्योग के रूप में "अरगद का पात" का निर्माण व्यापक पैमाने पर की जाती है, जिसका उपयोग छठ पूजा के अवसर पर किया जाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उन उद्यमियों की पहचान एवं उन्हें चिन्हित कर प्रोत्साहित करने की योजना के तहत लाभ देने का विचार रखती है अथवा नहीं, तो क्यों ?

---

अनुमंडल का निर्माण

*2753. श्री सरफराज आलम--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिले के जोकीहाट विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत जोकीहाट प्रखंड में 27 पंचायत एवं पलासी प्रखंड में 21 पंचायत सम्मिलित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विधान-सभा क्षेत्र के दोनों प्रखंडों में ग्रामीण जनता को अररिया अनुमंडल की दूरी अधिक होने के कारण आमजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त विधान-सभा क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में सरकारी भू-खंड उपलब्ध है एवं अनुमंडल का निर्माण हेतु सारी आर्हताएं को पूरा करता है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त विधान-सभा क्षेत्र के जोकीहाट में अनुमंडल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बैंक खोलना

*2754. श्री अरुण शंकर प्रसाद - क्या मंत्री, संस्थागत वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दिनांक 24 जुलाई, 2012 के डी०एल०सी०सी० की बैठक में केनरा बैंक के प्रतिनिधि द्वारा मधुबनी जिला के बासोपट्टी प्रखण्ड में केनरा बैंक की शाखा खोलने के लिए सर्वेक्षण के उपरान्त अपने प्रधान कार्यालय को मई, 2012 में अनुशंसा करने की विषय से सरकार को अवगत कराया था, यदि हां, तो अभीतक उक्त शाखा नहीं खोलने का क्या औचित्य है ?

लाभ दिलाना

*2755. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह - क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण सहित बिहार के अन्य हिस्से में उत्पादित गन्ना से प्रति क्विंटल चीनी रिकवरी का प्रतिशत 9 से 9.30 किलोग्राम तक ही है, जबकि देश के अन्य राज्य यथा महाराष्ट्र, गुजरात एवं अन्य जगहों में चीनी रिकवरी का प्रतिशत 11.30 कि०ग्रा० तक है;

(2) क्या यह भी बात सही है कि अच्छी तकनीकी, उन्नत किस्म के बीज नहीं रहने से किसानों को अच्छे उत्पादन का लाभ नहीं मिल पाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गन्ना किसानों के लिए अच्छी किस्म के गन्ना बीज उपलब्ध कराने एवं पोस्ट हार्वेस्टिंग तकनीकी से खेती कराकर किसानों को उचित लाभ दिलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आवास का निर्माण

*2756. श्री सतीश चंद्र दुबे - क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के नरकटियागंज पुलिस अनुमण्डल की स्थापना लगभग 20 वर्ष पूर्व हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुलिस अनुमण्डल पदाधिकारी का आवास का निर्माण अभीतक नहीं हुआ है जिसके कारण उन्हें अन्यत्र रहना पड़ता है जिससे कार्य करने में काफी बाधा उत्पन्न होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नरकटियागंज अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के आवास का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कर्मियों का नियमितिकरण

*2757. श्री विनोद नारायण झा - स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 15 फरवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "अब तीन साल का कन्ट्रैक्ट" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार वर्तमान में संविदा आधारित नियुक्ति के वर्तमान पैटर्न को बदलकर इस व्यवस्था के तहत नियुक्त कर्मियों का नया कैडर बनाने का विचार है;

(2) क्या यह बात सही है कि बेल्ट्रॉन द्वारा डाटाइन्ट्री ऑपरेटरों की नियुक्ति आउट सोसिंग के आधार पर विभागों को उपलब्ध करायी जाती है और उन्हें मासिक वेतन के रूप में मात्र 6 हजार 41 रुपये का भुगतान किया जाता है;

(3) क्या यह बात सही है कि बेल्ट्रॉन के माध्यम से नियुक्त कर्मियों के नियमितिकरण का अभीतक सरकार ने कोई प्रावधान नहीं किया है और संविदा आधारित नियुक्ति के लिए नियमितिकरण योजना में भी इन कर्मियों पर विचार नहीं हो रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेल्ट्रॉन के माध्यम से विभिन्न विभागों में नियुक्त कर्मियों के नियमितिकरण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नियंत्रित करना

*2758. श्री संजय सरावगी - स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 12 फरवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक "बाइक चोरी पर अंकुश लगाने का निदेश" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा सदर अनुमण्डल क्षेत्र में दिनांक 1 जून, 2011 से 15 फरवरी, 2013 तक कुल 357 मोटर साइकिल एवं चार पहिया वाहनों की चोरी हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा के वरीय पुलिस अधीक्षक ने फरवरी, 2013 की अपनी मासिक सूची में वर्ग बैठक में उन 80 वाहन चोरों की सूची निर्गत की है, जिनपर चोरी काण्डों में संलिप्तता का संदेह है;

(3) क्या यह बात सही है कि दरभंगा सदर अनुमण्डल में वाहन चोरी की घटना में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है जो प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में चार गुणा अधिक है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दरभंगा सदर अनुमण्डल में वाहन चोरी की घटनाओं को नियंत्रित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## मुआवजा देना

*2759. श्री रत्नेश सादा– क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत बनमा इटहरी प्रखण्ड के परवनी गाँव के हरिकिशोर शर्मा की हत्या दिनांक 11 दिसम्बर, 2010 को श्री श्रवण कुमार शर्मा, पे० फेकू शर्मा, श्री नरेश शर्मा, पिता श्री महेश्वरी शर्मा, श्री पिन्टू यादव, पिता गंगा चरण यादव द्वारा कर दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि हरिकिशोर शर्मा के परिवार को आजतक किसी प्रकार का मुआवजा नहीं मिला है जिसके कारण श्री शर्मा का परिवार भुखमरी का शिकार हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में श्री हरिकिशोर शर्मा के परिजन को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## आवास का निर्माण

*2760. श्री विनय बिहारी– क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के योगापट्टी प्रखण्ड अन्तर्गत भिन्न भिन्न टोलों में नट जाति के लगभग 300 परिवार निवास करते हैं, जो हिन्दु संस्कृति के अनुसार शादी-ब्याह एवं गरीबी के कारण मृतक को दाह संस्कार के जगह दफनाते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी परिवार हिन्दु महादलित हैं, जिसका जाति प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण 14 यूनिट स्वीकृत इंदिरा आवास जुलाई, 2012 से लंबित पड़ा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित महादलित परिवारों को हिन्दु महादलित जाति का प्रमाण पत्र देकर स्वीकृत इंदिरा आवास का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## खादी उद्योग खोलना

*2761. श्री जनार्दन मांझी– क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बौंसी प्रखण्ड में विगत 60 वर्षों से खादी भंडार की दुकान चल रही थी, जिसमें खादी वस्त्रों का उत्पादन का भी केन्द्र था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त खादी उत्पादन केन्द्र को वहाँ से हटाकर भागलपुर में दो वर्षों से समायोजित कर दी गई है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त खादी उत्पादन केन्द्र बौंसी से हटाकर अन्यत्र करने से वहाँ के लोगों में काफी निराशा है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त केन्द्र को पुन: बौंसी में खादी उद्योग को खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## बैंक खोलना

*2762. श्रीमती रंजु गीता– क्या मंत्री, संस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखण्ड के रतवारा या बोहा भलनी चौक, निमाही रसलपुर एवं पटदौड़ा महुआइन ग्राम में बैंक की कोई शाखा नहीं है, जबकि इन गाँवों की आबादी 10 हजार है, साथ ही नानपुर प्रखण्ड के सिरसी और ददरी एवं बोखड़ा प्रखण्ड के बुधनगर में भी बैंक की शाखा नहीं है, यदि हां, तो सरकार उपर्युक्त स्थलों पर सरकार कबतक बैंकों की नई शाखा खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

असमानता को दूर करना

*2763. श्रीमती आशा देवी- क्या मंत्री, सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग में अनुबंध के आधार पर वर्ष 2011–12 में सूचना एवं प्रावैधिकी सहायक एवं आई०टी० मैनेजर की बहाली हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि इन दोनों पदों के मानदेय में असमानता है, जबकि शैक्षणिक योग्यता दोनों पदों के लिए बी०ई०/बी० टेक है;

(3) क्या यह बात सही है कि है कि सूचना एवं प्रावैधिकी सहायक का मानदेय 8,000 रु० प्रतिमाह और आई०टी० मैनेजर का मानदेय 30,000 रु० प्रतिमाह है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मानदेय की इस असमानता को दूर करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

महिला थाना खोलना

*2764. श्री राजेश्वर राज- क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय में एक महिला थाना खोले जाने के प्रावधानानुसार रोहतास जिला में महिला थाना अभीतक स्थापित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार रोहतास जिला में एक महिला थाना स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2765. श्री पवन कुमार जायसवाल- क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है सुरक्षा संबंधी व्यय योजना (एस०आर०ई०) अंतर्गत विशेष पुलिस पदाधिकारी (एस०पी०ओ०) का चयन नक्सल प्रभावित जिलों के थानों में करना है तथा केन्द्र सरकार द्वारा दिनांक 16 अगस्त, 2010 के बाद से विशेष पुलिस पदाधिकारी का मानदेय 1,500 से बढ़ाकर 3,000 भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसका 80 प्रतिशत केन्द्र सरकार एवं 20 प्रतिशत राज्य सरकार को वहन करना है;

(2) क्या यह बात सही है कि एस०आर०ई० योजना अंतर्गत 3633 लाख के कार्य योजना की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके तहत केन्द्र सरकार द्वारा तीन किस्तों में 1625 लाख रुपये विमुक्त किये गये हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि ढाका, घोड़ासहन सहित अन्य नक्सल प्रभावित थानों में अभीतक विशेष पुलिस पदाधिकारी के नियोजन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नक्सल प्रभावित जिला के सभी थानों में विशेष पुलिस पदाधिकारी के अवशेष नियोजन को पूर्ण कराने तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाह पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2766. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह- क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के संग्रामपुर प्रखंड के उ० मधुबनी पंचायत के दरियापुर में सरकारी कब्रिस्तान लगभग 2 बिगहा में अवस्थित है तथा अभीतक इस कब्रिस्तान की घेराबंदी का कार्य नहीं हो सका है;

(2) क्या यह बात सही है कि घेराबंदी नहीं होने से पशुओं का चारागाह एवं कब्रिस्तान होकर रास्ता लगने से कई बार स्थानीय स्तर पर विवाद उत्पन्न हो जाता है एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

वेतनमान की स्वीकृति

*2767. श्रीमती पूनम देवी यादव- क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 20 दिसम्बर, 2000 के बाद नियुक्त कनीय लेखा लिपिकों को 3050–4590 का वेतनमान दिया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि फिटमेंट कमिटी द्वारा दिसम्बर, 2009 में कार्य विभाग के कनीय लेखा लिपिकों का वेतनमान 4000 6000 देने का निर्णय लिया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि वित्त विभाग के ज्ञापांक 491, दिनांक 12 जनवरी, 2012 से जल संसाधन विभाग के कनीय लेखा लिपिकों को वेतनमान 4000-6000 ग्रेड पे 2400 किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दिनांक 20 दिसम्बर, 2000 के बाद नियुक्त कनीय लेखा लिपिकों को भी 3050-4500 के बदले 4000-6000 के वेतनमान में स्वीकृति देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मॉडल थाना बनाना

*2768. श्री सतीश चन्द्र दुबे- क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के साठी थाना विगत लगभग 20 वर्षों से कार्यरत है लेकिन अभीतक उस थाना को मॉडल थाना नहीं बनाया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त थाना का भवन भी काफी जर्जर है एवं किसी भी पदाधिकारी एवं कर्मचारी का आवास नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त थानों को मॉडल थाना के रूप में विकसित करते हुए आवास का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बैंक खोलना

*2769. श्री महेन्द्र बैठा- क्या मंत्री, संस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के जन्दाहा प्रखंड के महिसौर पंचायत की आबादी 6000 से अधिक है लेकिन वहाँ कोई सरकारी बैंक नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक 5000 की आबादी पर एक बैंक खोलने का निर्णय वित्तीय वर्ष 2010-11 में लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार महिसौर पंचायत में बैंक खोलने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2770. श्री दिनेश कुमार सिंह- क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने कब्रिस्तान का घेराबंदी करने का निर्णय वर्ष 2006 में लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि जगदीशपुर विधान सभा के चरनाव, तुलसी, हरिगाँव, देवचना, पिटरो, लाहठान, कंसवां, दलीपुर, चकवां, दावा, हसवाडीह, बम्बहार, मंगुरा, तार ऐना, डमरूआ, हाट पोखर, मसाढ़ी, कहथु, नवीनगर, जगदीशपुर गाँवों में कब्रिस्तान का घेराबंदी नहीं है;

(3) यदि उक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी गाँवों में कब्रिस्तान बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुलिस चौकी स्थापित करना

*2771. श्री विजय कुमार सिन्हा- क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय नगर परिषद् क्षेत्र के अन्तर्गत अशोक धाम में यात्री सुरक्षा हेतु कोई पुलिस चौकी नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि अशोक धाम पर्यटक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है और यहाँ देवघर की तरह सालों भर यात्री का आवागमन बना रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अशोक धाम में पुलिस चौकी स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बैंक खोलना

*2772. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा-क्या मंत्री, संस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला का देवकाली बाजार एवं उसके आस-पास में 40 हजार से अधिक की आबादी है;

(2) क्या यह बात सही है कि देवकाली में कोई भी राष्ट्रीयकृत बैंक नहीं रहने से सरकारी कार्य, व्यवसायी वर्ग एवं आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर राष्ट्रीयकृत बैंक खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पेंशन एवं पक्का मकान देना

*2773. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के श्री दिलीप सरदार, पे0 श्री शिवन सरदार, मो0 जलील, पे0 सदीक मियां, श्री बबन सिंह, पे0 चन्द्रकिशोर सिंह सहित 120 अपराधियों को वर्ष 2006 में मा0 मुख्य मंत्री के पहल पर आत्मसमर्पण कर दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि मा0 मुख्य मंत्री द्वारा उक्त आत्मसमर्पण करने वाले को 3,000 रु0 मासिक पेंशन एवं बसने हेतु पक्का मकान देने की घोषणा 2006 में ही किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित अपराधियों को पेंशन एवं पक्का मकान अभीतक नहीं मिलने का क्या औचित्य है ?

------------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2774. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत नवाबगंज गाँव के कब्रिस्तान की घेराबन्दी अबतक नहीं हो पायी है, यदि हां, तो सरकार कबतक उसकी घेराबन्दी करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

------------

संसाधनों से लैस करना

*2775. श्री संजय सरावगी--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 20 फरवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक क्रमश: ''बारह घंटे तक जलती रही दुकान, अफरा-तफरी'' एवं ''कई सवाल छोड़ गयी दुकान में अगलगी की घटना'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रमुख प्रमंडलीय मुख्यालय, दरभंगा में वर्तमान में मात्र तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियाँ उपलब्ध है, जिनमें से दो अत्यन्त जर्जर स्थिति में है एवं उन गाड़ियों में पानी भरने के लिये अग्निशामक केन्द्र में जलापूर्ति की कोई व्यवस्था नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस सेवा में कार्यरत स्थानीय कर्मियों के पास फायरप्रूफ जैकेट, क्लोथिंग, हेलमेट, हाईड्रोलिक सीढ़ी, सुरक्षा जैकेट एवं अन्य आधुनिक फायर फाइटर उपकरण उपलब्ध नहीं है तथा स्टाफ की संख्या भी बेहद कम है, जिसके कारण समय पर आग पर काबू नहीं पाया जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दरभंगा अग्निशामक सेवा को आधुनिक संसाधनों से लैस कर वहाँ गाड़ियों एवं कर्मचारी की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पटना :
दिनांक 18 मार्च, 2013 (ई0)।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा।

बि0 स0 मु0 (एल0ए0), 259--डी0 टी0 पी0--450